# जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण

# फतेहाबाद

वर्ष : 2011–12

जिला सांख्यिकीय कार्यालय
फतेहाबाद

# आमुख

इस प्रकाशन का उद्देश्य जिला फतेहाबाद में पिछले एक वर्ष में हुऐ सामाजिक एंव आर्थिक तथा अन्य विकास कार्यों बारे जानकारी उपलब्ध कराना है। इस जिले से सम्बन्धित विभिन्न विषयों विशेषकर क्षेत्रफल,जनसंख्या, कृषि, सिचांई, वन, पशुपालन,विद्युत, उद्योग, सड़क तथा परिवहन, संचार, श्रम तथा रोजगार,सहकारिता, बैक, शिक्षा, चिकित्सा,समाज कल्याण इत्यादि के अतिरिक्त बहुत से विविध सूचना के साथ साथ जनगणना 2011 अनुसार जनसंख्या की सूचना उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है।

यह प्रकाशन विभिन्न विभागों, अनुसंधान संस्थाओं और उन संस्थाओं और व्यक्तियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा जिनकी जिला फतेहाबाद की सामाजिक व आर्थिक समस्याओं तथा उससे जुड़े अन्य पहलुओं में रूचि है।

मैं जिला फतेहाबाद के विभिन्न कार्यालय अध्यक्षों, जिन्होंने इस प्रकाशन के लिए सूचना उपलब्ध कराने में सहयोग दिया, के लिए आभारी हूँ। उन के सहयोग के बिना इस प्रकाशन को जारी कर पाना सम्भव नहीं था।

अन्त में मैं श्री दलीप सिहं सहारण, सहायक जिला सांख्यिकीय अधिकारी व श्री कृष्ण कुमार, सांख्यिकीय सहायक का इस प्रकाशन को संकलित करने तथा रिपोर्ट को पुस्तक रूप में प्रकाशित करने के लिए आभार प्रकट करता हूँ।

तिथिः 06–01–2014

**जोगेन्द्र सिंह कालीरामना,**
**जिला सांख्यिकीय अधिकारी**
**फतेहाबाद**

# विषय सूची

| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|


**जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण – जिला फतेहाबाद**

परिशिष्ठ –1 सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण – जिला फतेहाबाद 1–2

परिशिष्ठ–2 स्थिति तथा भौतिक विशेषताएं

1. **स्थिति तथा भौतिक विशेषताऐं** 3–4

स्थिति
क्षेत्रफल तथा प्रशासनिक ढ़ाचा
भौतिक विशेषतायें
खनिज सम्पदा
नदियां
जलवायु तथा वर्षा
मिट्टी
भू–जल विज्ञान

2. **जनसंख्या** 4–7

जनगणना के आकंड़े
घनत्व
ग्रामीण एंव शहरी जनसंख्या
0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या
मलिन बस्तियों की जनसंख्या
लिंगानुपात
0–6 आयु वर्ग के वच्चों में लिंगानुपात
मलिन वस्तियों में लिंगानुपात
साक्षरता – ग्रामीण व शहरी
मलिन बस्तियों में साक्षरता

3. **वन** 7

वनों के अधीन क्षेत्रफल

4. **कृषि** 7–11

भूमि का प्रयोग
कृषि जोतें
मुख्य फसलों का उत्पादन
रासायनिक खाद का वितरण
पौधों की सुरक्षा के उपाय
कृषि यन्त्र तथा उपकरण
कृषि उपज बिकी संग्रहण
समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम
भूमि विकास कार्यक्रम

5. **सिंचाई** 11—12

सिंचाई के साधन
फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र
सिंचाई की सघनता
नलकूप/पम्पिंग सैट
बाढ.

6. **पशुपालन तथा डेरी** 12

पशुभवन
पशु चिकित्सालय सेवायें
डेरी 'दुग्ध उत्पादन

7. **मछली पालन** 13

8. **विद्युत** 13

विद्युतिकरण 'शहर/गॉव'
नलकूप
विभिन्न परियोजनाओं में विद्युत उपयोग

9. **खनिज पदार्थ तथा उद्योग** 13—14

खनिज उत्पादन
लघु उद्योग यूनिट
बडे तथा मध्यम स्तरीय उद्योग यूनिट

10. **सड़क तथा परिवहन** 14—15

सड़कों की लम्बाई
रेलवे स्टेशन एंव हरियाणा बस स्टैण्ड की संख्या
राज्य परिवहन
सड़क दुर्घटनायें

11 **दूरसचांर** 15

डाकघर व तार घर
दूरभाष केन्द्र

12. **श्रम तथा रोजगार** 15—16

औद्योगिक झगड़े
रोजगार केन्द्र
मजदूरी की औसत दैनिक आय

**13. सहकारिता** 16—17

**14. बैंक** 17

**15. शिक्षा** 17—18

विद्यालय तथा महाविद्यालय
अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम
इन्जिनियरिंग कालेज
विश्वविद्यालय

**16. चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य** 18—19

स्वास्थ्य सेवाएं
परिवार कल्याण प्रोग्राम
सुरक्षित पेयजल

**17. कल्याण विभाग 'अनुसूचित जातियॉं व पिछड़े वर्ग** 19—20

वृद्धावस्था एंव अन्य पैशन

**18. विविध** 20—22

नगरपालिकायें
जिला राजस्व
रजिस्ट्रीकरण पुलिस तथा अपराध
हरियाणा सरकार के कर्मचारी
मनोरंजन
बचत
विकेन्द्रीकरण योजना
खेलकूद
राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र
चुनाव तथा मतदाता

**परिशिष्ठ . 3 जिला एक दृष्टि में** 23

## परिशिष्ठ –1

### जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण – जिला फतेहाबाद

**फतेहाबाद** एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थान है। हरियाणा सरकार ने 15 जुलाई 1997 को पुराने जिले हिसार को विभाजित करके फतेहाबाद को हरियाणा राज्य के 19वें जिले के रूप में स्थापित किया।

1. जिला फतेहाबाद में इस समय कुल 245 गॉव हैं जो 6 सामुदायिक विकास खण्ड में विभाजित हैं। इस समय जिले में 3 उपमण्डल व 3 तहसीलें तथा 3 उप तहसीलें हैं। भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अनुसार जिले का क्षेत्रफल 2538 वर्ग कि0मी0 है जो राज्य का 5.74 प्रतिशत है। 2011 की जनगणना के आकड़ों के आधार पर जिले की जनसंख्या 942011 हो गई है। इस में 495360 पुरूष व 446651 स्त्रियॉ हैं। जिले का लिंगानुपात 902 है तथा साक्षरता दर 67.92 प्रतिशत है।

2. जिला फतेहाबाद की जलवायु निश्चितता लिऐ हुऐ है अर्थात यहॉ पर गर्मीयों में अधिक गर्मी तथा सर्दियों में अधिक सर्दी होती हैं तथा सर्दियों मं तापमान सामान्य से 3 डिग्री सै0 तक गिर जाता है। जिला फतेहाबाद में 2006–10 के दौरान पॉच वर्षीय औसत सामान्य वर्षा 353.3 मि0मी0 रिकार्ड की गई जबकि वर्ष 2010 के दौरान औसत वर्षा 426.5 मि0मी0 रिकार्ड की गई।

3. वर्ष 2010–11 में गाँव के प्रपत्रों के अनुसार जिले का कुल क्षेत्रफल 249 हजार हेक्टेयर है। वर्ष 2010–11 में कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल 224 हजार हैक्टेयर है, जो कुल क्षेत्रफल का 89.96 प्रतिशत है। निवल बोया गया क्षेत्र 224 हजार है0 है, जो कृषि योग्य भुमि का 100 प्रतिशत है। एक बार से अधिक बोया गया क्षेत्रफल 201 हजार है0 है, जो निवल बोया गये क्षेत्र का 89.73 प्रतिशत है। इसी प्रकार 2010–11 मे कुल बोया गया क्षेत्र 425 हजार है0 है। कुल बोये गये क्षेत्र में से खाद्यान्नों के अर्न्तगत 67.22 प्रतिशत, दालों के अधीन 0.52 प्रतिशत, नकदी फसलों गन्ना, तेल, बीज, कपास तथा आलू आदि के अधीन 32.26 प्रतिशत है। धान के अधीन 20.61 प्रतिशत क्षेत्र है । बोये गए क्षेत्र में गेहूं का क्षेत्र सबसे ज्यादा है जो 43.91 प्रतिशत है।

4. जिले में वर्ष 2011–12 में सात मण्डियां तथा 15 सबयार्ड हैं। इन मण्डियों में मुख्य आमद गेहूॅ तथा जीरी है। जिले में अनाज संग्रहण करने के लिए गोदाम काफी संख्या में उपलब्ध हैं।

5. वर्ष 2010–11 में नलकूप तथा पम्पिंग सैट, जिले में सिंचाई के मुख्य साधन रहे जिससे निवल सिंचित क्षेत्र का 39.46 प्रतिशत क्षेत्र सिंचित किया गया। शेष 60.54 प्रतिशत नहरों द्वारा सिचित किया गया। वर्ष 2011–12 में नलकूप तथा पम्पिंग सैट की संख्या 38941 रही। सिंचाई की क्षमता का मुख्य भाग गेहॅू ,धान तथा गन्ना की फसलों में प्रयोग किया जाता है।

6. जिला फतेहाबाद के लगभग सभी गॉवों का विद्युतिकरण हो चुका है तथा वर्ष 2011–12 में 245 गाँव पक्की सड़कों से जुड़े हुये है।

7. सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां फतेहाबाद के अनुसार वर्ष 2011–12 में सभी प्रकार की 934 सहकारी समितियां है, जिनकी सदस्यता 228912 है जिसके अनुसार प्रति लाख व्यक्तियों के पीछे 99 समितियां कार्यरत है।

8. जिला फतेहाबाद में चिकित्सा सेवायें विभिन्न संस्थाओं जैसे कि राज्य सरकार, स्थानीय निकाय तथा ऐच्छिक संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाती है। जिले में वर्ष 2011–12 में दो हस्पताल, 5 डिस्पैंसरियां, 106 सब सैन्टर, 16 प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों और 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा सेवायें प्रदान की गई। वर्ष 2011–12 में जिले में 5 परिवार कल्याण केन्द्र थे जिनमें नलबन्दी तथा नसबन्दी के 4363 आप्रेशन किये गये। उपरोक्त के अतिरिक्त जिला फतेहाबाद में वर्ष 2011–12 में 20 आयुर्वेदिक संस्थाओं द्वारा 87353 रोगियो का ईलाज किया गया ।

9. वर्ष 2010–11 में जिला फतेहाबाद में 480 प्राथमिक ( पूर्व प्राथमिक बालबाड़ी सहित), 110 माध्यमिक तथा 217 उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय है। जिसमें से 46 प्राथमिक 9 माध्यमिक तथा 19 उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केवल महिलाओं के लिए हैं। इन विद्यालयों में 193443 विद्यार्थीयों को शिक्षा प्रदान की गई। इन में से 68689 विद्यार्थी अनुसूचित जाति के थे। उपरोक्त स्कूलों में 4721 अध्यापक कार्यरत हैं। जिले में प्राथमिक स्तर पर 33 विद्यार्थी प्रति अध्यापक, माध्यमिक स्तर पर 80 विद्यार्थी प्रति अध्यापक, उच्च स्तर पर 26 विद्यार्थी प्रति अध्यापक तथा वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर 35 विद्यार्थी प्रति अध्यापक अनुपात रहा।

10. इसके अतिरिक्त वर्ष 2011–12 में जिला फतेहाबाद में 4 सरकारी तथा 1 सहायता प्राप्त व 15 गैर सहायता प्राप्त कला तथा विज्ञान महाविद्यालय कार्यरत है जिनमें कुल 7678 विद्यार्थी डिग्री स्तर की शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं, जिनमें 892 विद्यार्थी अनुसूचित जाति के हैं।

11. जिला फतेहाबाद में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो में विभिन्न प्रकार के पाठयक्रमों की शिक्षा प्रदान की जाती है।

# परिशिष्ट 2
# 1—स्थिति तथा भौतिक विशेषतायें

1. स्थिति

जिला फतेहाबाद हरियाणा के उत्तर पूर्व में 29 डिग्री 31′ से 29 डिग्री 43′ अक्षांश तथा 75 डिग्री 29′से 75 डिग्री 54 रेखांश के मध्य में स्थित है। इसके उत्तर दिशा मे पंजाब राज्य तथा दक्षिण में जिला हिसार, पूर्व में सिरसा और पश्चिम में जिला जीन्द की सीमा पड़ती है।

2. **क्षेत्रफल तथा प्रशासनिक ढ़ाचा**

जिला फतेहाबाद का 2012 के राजस्व रिकार्ड के अनुसार कुल क्षेत्रफल 2538 वर्ग कि0मी0 है जो राज्य के क्षेत्रफल का 5.74 प्रतिशत है। जिले में फतेहाबाद, रतिया तथा टोहाना तीन तहसीलें हैं जो तीन उपमण्डल अर्थात फतेहाबाद, रतिया तथा टोहाना के अर्न्तगत आती है। जिले का प्रशासनिक मुख्य कार्यालय फतेहाबाद में हिसार देहली राष्ट्रीय मार्ग न010 पर स्थित है। जिला फतेहाबाद में 243 गांव है। यह सभी गांव 6 सामुदायिक विकास खण्डों के अधीन आते है। तहसील फतेहाबाद के अर्न्तगत फतेहाबाद, भूना, भट्टूकंला तथा रतिया तहसील में रतिया खण्ड तथा टोहाना तहसील के अन्तर्गत टोहाना, जाखल खण्ड आते है। जिला फतेहाबाद में 3 नगर तथा 245 ग्राम पंचायतें हैं। बर्ष 2011—12 में पंचायतों की कुल सदस्य संख्या 2735 (2490 पंच तथा 245 सरपंच) है। जिला फतेहाबाद में सात मार्किट कमेंटियां हैं जिनमें 3 मार्किट कमेटियां तहसील फतेहाबाद में, एक रतिया तहसील में, तथा 3 टोहाना तहसील में हैं। इसके अतिरिक्त 15 सबयार्ड हैं।

3. **भौतिक विशेषतायें**

जिला फतेहाबाद का भू—स्थल चपटाकार है तथा समुद्र तल से 215 मी0 उँचा है। भूमि का बहाव मुख्यतः उत्तर पूर्व से दक्षिण की और है।

4. **खनिज सम्पदा**

जिला फतेहाबाद खनिज सम्पदा के सन्दर्भ में अधिक सक्षम नहीं है। परन्तु शोरा आदि निकाला जाता है।

5. **जलवायु तथा वर्षा**

जिला फतेहाबाद का मौसम गर्मियों में अधिक गर्म तथा सर्दियों में अधिक ठण्डा रहता है। मई तथा जुन के महीनों में सबसे अधिक गर्मी रहती है । इन दिनों में तापमान 43 डिग्री सै0 ग्रे0 से 48 डिग्री0 सै0ग्रे0 तक होता है। दिसम्बर से फरवरी तक बहुत ठण्ड पड़ती है इस दौरान तापमान 3 डिग्री सै0 ग्रे. तक गिर जाता है। वर्ष 2006 से 2010 तक 5 वर्षों की औसत मासिक सामान्य वर्षा 353.3 मि0मी0 रही जबकि वर्ष 2010 में वार्षिक औसत वर्षा 426.5 मि0मी0 रिकार्ड की गई।

6. **मिट्टी**

जिला फतेहाबाद में रतिया व टोहाना  में चिकनी मिट्टी व दोमट मिट्टी पाई जाती है तथा भटटू कलां क्षेत्र में रेतीली मिट्टी पाई जाती है।

7. **भू–जल**

**क) भू–जल विज्ञान**

जल सतह जमीन की सतह से 7 मी0 से 28 मी0  की गहराई में पाया जाता है। अधिकांश क्षेत्र में भू जल स्तर की गहराई 15–24 मी0 के मध्य है। समुन्द्र स्तर से भु जल स्तर  210 मी0 से 225 मी0 के बीच हैं। जिले में पिछले 2 वर्षों में भू जल स्तर में औसतन 0. 50 मी0 की वार्षिक दर से गिरावट आई है।

**ख) भू–जल संसाधन**

जिले में भू–जल स्तर संसाधन का अत्याधिक विकास हो रहा है । फतेहाबाद, रतिया, टोहाना सभी खण्डों में विकास 55 प्रतिशत से अधिक हुआ है।

## 2–जनसंख्या

### जनसंख्या 2011 के आंकड़ों के आधार पर

8. **जनगणना के आकड़े**

जिला फतेहाबाद की जनसंख्या जनगणना 2011 के आंकडों के आधार पर 942011 है जिसमें 495360 पुरूष तथा 466651 स्त्रियां है जबकि 2001 की जनगणना के आधार पर जिले की जनसंख्या 806158 थी। जिसमें 427862 पुरूष व 378296 स्त्रियां थी। 2001–11 की अवधि में जिले की जनसंख्या में 16.85प्रतिशत दशकीय वृद्धि हुई है।

**तालिका :– जिले की जनसंख्या : जनगणना 2011**

| | कुल जनसंख्या | पुरूष | स्त्रियां |
|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 762423 | 400814 | 361609 |
| शहरी | 179588 | 94546 | 85042 |
| कुल जनसंख्या | 942011 | 495360 | 446651 |

9. घनत्व

भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा दिऐ गए भौगोलिक क्षेत्र के आंकड़ों के अनुसार जिले का क्षेत्रफल 2538 वर्ग कि0मी0 है जो राज्य के क्षेत्रफल का 5.74 प्रतिशत है। जनगणना 2011 के आधार पर राज्य की 3.72प्रतिशत जनसंख्या यहॉ रहती है। वर्ष 2010–2011 में जनगणना 2011 के आधार पर जिले का घनत्व 371 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 है। 2001 की जनगणना अनुसार जिले का घनत्व 315 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 था। हरियाणा राज्य का घनत्व 2001 में 478 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 तथा 2011 में 573 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 हो गया है।

## 10. ग्रामीण व शहरी जनसंख्या

जनगणना 2011 के आंकडों के अनुसार जिला की लगभग 80.93 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात् 762423 ग्रामीण क्षेत्र में रहती है जिसमें से 400814 पुरूष तथा 361609 स्त्रियां हैं। जिले की शहरी जनसंख्या 179588 है जो कुल जनसंख्या का 19.06 प्रतिशत है जिसमें 94546 पुरूष तथा 85042 स्त्रियां हैं। ग्रामीण क्षेत्र में तहसील फतेहाबाद की 427920 जनसंख्या में 225436 पुरूष व 202484 स्त्रियां, रतिया की 142398 जनसंख्या में 74160 पुरूष व 68238 स्त्रियां, टोहाना की 192105 जनसंख्या में 101212 पुरूष व 90887 स्त्रियां हैं तथा शहरी क्षेत्र में नगर फतेहाबाद की 70777 जनसंख्या में 37320 पुरूष व 33457 स्त्रियां, रतिया की 37152 जनसंख्या में 19437 पुरूष व 17715 स्त्रियां, टोहाना की 71659 जनसंख्या में 37789 पुरूष व 33870 स्त्रियां हैं।

**तालिकाः– जिले की जनसंख्या (2011 जनगणना)**

| | **ग्रामीण जनसंख्या** | | | **शहरी जनसंख्या** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **तहसील/नगर** | **कुल व्यक्ति** | **पुरूष** | **स्त्रियां** | **कुल व्यक्ति** | **पुरूष** | **स्त्रियां** |
| **फतेहाबाद** | 427920 | 225436 | 202484 | 70777 | 37320 | 33457 |
| **रतिया** | 142398 | 74160 | 68238 | 37152 | 19437 | 17715 |
| **टोहाना** | 192105 | 101218 | 90887 | 71659 | 37789 | 33870 |
| **कुल** | 762423 | 400814 | 361609 | 179588 | 94546 | 85042 |

## 11. 0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या

जनगणना 2011 में 0–6 आयु वर्ग के बच्चों की संख्या 121024 है। जबकि 2001 में राज्य की 0–6 आयु वर्ग के बच्चों की संख्या कुल जनसंख्या का 16.09 प्रतिशत से घट कर जनगणना 2011 में 12.84 प्रतिशत रह गई है। जिला के ग्रामीण क्षेत्र के 0–6 आयु के बच्चों की जनसंख्या 99259 है जो कुल ग्रामीण जनसंख्या का 13.01 प्रतिशत है तथा शहरी क्षेत्र में यह संख्या 21765 है जो जिला की कुल शहरी जनसंख्या का 12.11 प्रतिशत है।

**12. मलिन बस्तियों की जनसंख्या**

फतेहाबाद में जनगणना 2011 में मलिन बस्तियों की जनसंख्या नहीं दर्शायी गयी है।

**13. लिंगानुपात**

जिला फतेहाबाद में जनगणना 2011 के अनुसार प्रति हजार पुरूषों पर 902 महिलाओं का अनुपात है जो 2001 में 884 था। इससे स्पष्ट है कि स्त्री पुरूष अनुपात में 2001 की तुलना में 2011 में गिरावट आई है। हरियाणा राज्य में यह अनुपात 877 है ।जिला फतेहाबाद में ग्रामीण एंव नगरीय क्षेत्र में यह अनुपात क्रमशः 902 तथा 899 है। ग्रामीण क्षेत्र में स्त्री पुरूष अनुपात तहसील फतेहाबाद,रतिया, टोहाना में क्रमशः 898,920, व 898 तथा शहरी क्षेत्र के 3 नगरों फतेहाबाद, रतिया, टोहाना में 896,911,896 है।

**14. 0–6 आयु वर्ग के बच्चों में लिंगानुपात**

जिला का 0–6 आयु वर्ग के बच्चों का लिंगानुपात 854 है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में यह अनुपात क्रमशः 857 तथा 836 है। ग्रामीण क्षेत्र में तीन तहसीलों फतेहाबाद, रतिया, टोहाना में क्रमशः 866,866,835, तथा शहरी क्षेत्र में 3 नगरों फतेहाबाद,रतिया, टोहाना में क्रमशः 858,845,811 है। हरियाणा राज्य में स्त्री पुरूष अनुपात 877 है। ग्रामीण एंव नगरीय क्षेत्र में क्रमशः 866 व 847 है। जिला फतेहाबाद नगर का लिंगानुपात 896 है तथा फतेहाबाद तहसील का लिंगानुपात 898 है ।

**15. मलिन बस्तियों में लिंगानुपात**

जिला फतेहाबाद में जनगणना 2011 में मलिन बस्तियों की जनसंख्या नहीं दर्शायी गई है।

**16. साक्षरता**

जनगणना 2011 में जिला फतेहाबाद में 557578 व्यक्ति साक्षर है जिसमें 327471 पुरूष तथा 230107 स्त्रियां है। जनगणना 2011 में जिला में 67.91 प्रतिशत की साक्षरता दर्ज की गई है। जिला में पुरूष साक्षरता दर 76.14 स्त्री दर 58.87 की तुलना में अधिक रही। जबकि 2001 की जनगणना अनुसार जिला में 57.98 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर थे। पुरूष साक्षरता दर 68.22 प्रतिशत तथा स्त्री दर 46.53 प्रतिशत थी। जनगणना 2011 के अनुसार राज्य की साक्षरता दर 76.64 प्रतिशत हैं पुरूष तथा स्त्री साक्षरता दर क्रमशः 85.38 तथा 66.77 है।

**17. साक्षरता : ग्रामीण व शहरी**

2011 की जनगणना अनुसार जिला में ग्रामीण क्षेत्र में 65.52 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर हैं जिनमें से 74.50 प्रतिशत पुरूष तथा 55.65 प्रतिशत स्त्रियां साक्षर है। शहरी क्षेत्र में 77.96 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर हैं जिनमें 83.03 प्रतिशत पुरूष तथा 72.39 प्रतिशत स्त्रियां साक्षर है।

**तालिकाः जिले की साक्षरता दर (2011 जनगणना)**

| | **ग्रामीण** | | | **शहरी** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **तहसील/शहर** | **कुल** | **पुरूष** | **स्त्रीयां** | **कुल** | **पुरूष** | **स्त्रियां** |
| **फतेहाबाद** | 67.59 | 77.49 | 56.73 | 81.95 | 86.85 | 76.52 |
| **रतिया** | 60.98 | 68.23 | 53.16 | 72.89 | 78.28 | 67.03 |
| **टोहाना** | 64.27 | 72.61 | 56.08 | 76.61 | 81.39 | 71.08 |
| **कुल** | **65.52** | **74.50** | **55.65** | **77.96** | **83.03** | **72.39** |

ग्रामीण साक्षरता की दृष्टि से तहसील फतेहाबाद, रतिया, तथा टोहाना में साक्षरता दर 67.59, 60.98, 64.27 प्रतिशत है। उक्त तहसीलों में पुरूष साक्षरता दर कमशः 77.49,68.23, व 72.61 तथा स्त्री साक्षरता दर कमशः 56.73, 53.16, तथा 56.08 प्रतिशत है। शहरी साक्षरता में जिला के 3 नगरों फतेहाबाद, रतिया, टोहाना में साक्षरता दर कमशः 81.95,72.89,76.61 प्रतिशत है। उक्त नगरों में पुरूष साक्षरता दर कमशः 86.85, 78.28,व 81.39 तथा स्त्री साक्षरता दर कमशः 76.52, 67. 03, 71.08 प्रतिशत है।

**18. मलिन बस्तियों में साक्षरता**

जिला फतेहाबाद में जनगणना 2011 में मलिन बस्तियों की जनगणना नहीं दर्शाई गई है।

## 3—वन

**19. वन के अधीन क्षेत्रफल**

वन विभाग के अनुसार जिले में वर्ष 2011—12 में लगभग 42 वर्ग कि0मी. क्षेंत्र वनों के अधीन था जो कुल क्षेत्रफल का 1.65 प्रतिशत है, जो कि संरक्षित क्षेत्र में आता है।

## 4—कृषि

**20. भूमि का प्रयोग**

वर्ष 2010—11 में गाँव पत्रों के अनुसार जिला फतेहाबाद का कुल क्षेत्र 249 हजार हैक्टेयर है, जिसमें से 1.65 प्रतिशत वनों के अधीन, 6.89 प्रतिशत चरागाह, गैर कृषि प्रयोजनो इत्यादि में तथा 91.46 प्रतिशत निवल बोये गये क्षेत्र के अधीन रहा।

21. वर्ष 2010–11 में कृषि योग्य भूमि 224 हजार है0 है, जबकि निवल बोया गया क्षेत्र 224 हजार है0 है, जो कृषि योग्य भूमि का 100 प्रतिशत है। एक बार से अधिक बोया गया क्षेत्र 201 हजार है0 है, जो निवल बोये गये क्षेत्र का 89.73 प्रतिशत है। वर्ष 2009–10 में जिला फतेहाबाद में कुल बोया गया क्षेत्र 415 हजार है0 है।

22. वर्ष 2010–11 में तहसील फतेहाबाद, रतिया, टोहाना में निवल बोया गया क्षेत्र क्रमशः125 हजार, 46हजार, 53 हजार है0 है, जो कुल निवल क्षेत्र का 55.80, 20.57,तथा 23.66 प्रतिशत है जब कि जिला फतेहाबाद का क्षेत्रफल 2538.00 वर्ग कि.मी0 है परन्तु खाद्यान उत्पादन में प्रथम रहता है।

23. **कृषि जोतें** –फतेहाबाद में वर्ष 2010–11 के अनुसार आकार श्रेणी अनुसार आप्रेशनल जोतो की सख्या 104528 है तथा क्षेत्र अनुसार जोत का औसत आकार 3.25 हैक्टेयर है।

24. जिला फतेहाबाद की रबी की मुख्य फसलें गेंहूॅ, जौ तथा खरीफ की मुख्य फसलें, कपास, ज्वार, धान तथा मक्की हैं। वर्ष 2010–11 में कुल बोये गये क्षेत्र में से 87.6 हजार है0, 20.61 प्रतिशत धान के अधीन रहा तथा 186.6 हजार है0, 43.91 प्रतिशत गेहूॅ के अधीन रहा जबकि वर्ष 2009–10 में कुल बोये गये क्षेत्र का 44.57 प्रतिशत गेहूॅ एवं 19. 61 प्रतिशत धान के अधीन था । इसी प्रकार गन्ने का क्षेत्रफल वर्ष 2010–11 में 0.05 प्रतिशत, तेल बीज सूर्यमुखी सहित 2.66 प्रतिशत था।

25 **मुख्य फसलों का उत्पादन**

फसलों के अधिक उत्पादनों में प्राकृतिक साधनों जैसे वर्षा, जलवायु तथा भूमि उपजाउ शक्ति का मुख्य योगदान रहा है। जिले की मुख्य फसलें गेहूं, धान तथा कपास है।

26. वर्ष 2010–11 में गेहूं का उत्पादन 950 हजार टन तथा चावल का उत्पादन 348 हजार टन तथा गुड का उत्पादन 0.2 हजार टन था। कपास का उत्पादन 308.00 (170कि0 ग्रा0 कि हजार गाठों में) था । चावल की औसत उपज 3952 कि0 ग्रा0, गेहूं की 3818 कि0 ग्रा0 रही, तथा कपास 508 कि0ग्रा0 प्रति रही है0 ।

**तालिका :– मुख्य फसलों की औसत उपज किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर**

| फसल | 2004–05 | 2005–06 | 2008–09 | 2009–10 | 2010–11 |
|---|---|---|---|---|---|
| गेहूँ | 4105 | 4072 | 5120 | 4526 | 3818 |
| चवल | 4307 | 4354 | 4341 | 3587 | 3952 |
| कपास | 713 | 750 | 766 | 745 | 508 |
| गुड़ | **7640** | **7604** | **7250** | **7500** | **4100** |

**27. अधिक उपजाऊ किस्में**

जिला फतेहाबाद में गेहूँ तथा धान की अधिक उपजाऊ किस्मों के बीजो का प्रयोग हो रहा है। वर्ष 2010–11 में गेहूं के अधीन 97.3 प्रतिशत क्षेत्र जबकि धान के अधीन 55.7 प्रतिशत,व बाजरा के अधीन 100.0 प्रतिशत क्षेत्र में अधिक उपजाऊ बीजों का प्रयोग हो रहा है।

**28.** वर्ष 2011–12 में जिला फतेहाबाद में 703.5 हजार टन गेहूं तथा 611.5 हजार टन धान की सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीद की गई।

**29. रासायनिक खाद का वितरण**

वर्ष 2011–12 में कुल खाद का उपयोग 111378 टन रहा। उपयोग में नाईट्रोजन 86260 टन तथा फॉसफोरस 27181 टन रहा, जबकि पोटास का उपयोग 3576 टन रहा।

**30. पौधों की सुरक्षा के उपाय**

वर्ष 2011–12 मे 110.00 टन कीटनाशक दवाओं का उपयोग किया गया जो मुख्यतः गेहूं तथा धान की फसलों के अधीन क्षेत्र में किया गया ।

**31. कृषि यन्त्र तथा उपकरण**

वर्ष 2011–12 में जिले में उपयोग किए गए कृषि यन्त्र तथा उपकरणों में टैक्टरों की संख्या 16461 थी। वर्ष 2007 में कल्टीवेटर 2217 तथा तवों वाली हैरो 2005, बीज तथा खाद डालने वाली ड्रिल 1976 भूमि समतल करने वाले यन्त्र 3434, बैलगाडी 6477, स्ट्रारीपर 76 तथा सूखा चारा काटने की 506 मशीनें थी । वर्ष 2003 में जिला फतेहाबाद में 11007 चार पहियों वाले ट्रैक्टर कृषि के कार्य में प्रयोगरत रहे।

**32. कृषि उपज बिक्री व संग्रहण**

वर्ष 2011–2012 में फतेहाबाद में कृषि उपज की पूर्ति के लिए 7 मार्किट कमेटियों तथा 15 सबयार्डस द्वारा बिक्री एंव खरीद करवाई गई, जिसमें मुख्य आमदन जीरी, गेहुं, कपास, सरसों व तोरिया तथा आलू की फसल रही। इन सभी मण्डियों में 170624 टन कुल कृषि उत्पादन की आमद रही जबकि 2010–11 में कुल कृषि उत्पादन की आमद 1386000 टन थी।

33. वर्ष 2011–2012 के दौरान इन सभी मण्डियों में गेंहू की आमद 703500 टन, धान की आमद 611500 टन, आलू की आमद 14300 टन रही। सरसों, तोरिया तथा तारामीरा की आमद 7400 टन तथा कपास की आमद 119200 टन रही।

**तालिका :– जिला फतेहाबाद में कृषि उत्पादन की आमद ('00'टन में)**

| | 2005–06 | 2006–07 | 2008–09 | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गेहूं | 4900 | 3753 | 5845 | 7197 | 5829 | 7035 |
| धान | 5771 | 5498 | 6808 | 6015 | 6304 | 6115 |
| आलू | 66 | 78 | 131 | 91 | 131 | 143 |
| कपास | 835 | 914 | 2260 | 640 | 730 | 1192 |
| सरसों तोरिया | 94 | 166 | 40 | 57 | 56 | 74 |
| अन्य | 474 | 423 | 1655 | 740 | 138 | 893 |
| कुल | **12574** | **11341** | **16739** | **14740** | **13860** | **15452** |

34. इन मण्डियों में किसानों के रात के ठहरने के लिए विश्राम गृह है तथा इसके अतिरिक्त पीने के पानी व पशुशाला इत्यादि की सुविधायें भी प्रदान की जाती हैं।

35. जिला फतेहाबाद मे वर्ष 2011–12 में सरकारी गोदामों की क्षमता 495000 टन थी।

## 36. समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम

जिला ग्रामीण विकास एजैन्सी फतेहाबाद के मार्च 1997–1998 से अपनी स्थापना से ही ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी के अभिशाप को समाप्त करने के लिये भरसक प्रयास रहे हैं। और इस दिशा में इसे न केवल शतप्रतिशत भौतिक एंव आर्थिक लक्ष्य प्राप्त करने का लक्ष्य है, बल्कि यह गरीब ग्रामीण परिवारों के आर्थिक स्तर में वास्तविक वृद्धि लाने में सफल रही है। अब इस दिशा में और कारगर रूप से सक्रिय है। एजैन्सी का यह दृढ़ संकल्प है कि वह जिला फतेहाबाद के हर परिवार को इतनी अधिक सहायता प्रदान करवा दे कि वह सदा के लिये गरीबी की रेखा को पार कर लें। वर्ष 2011–12 में ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 2199 गरीब परिवारों को 584.28 लाख रू के ऋण और 194.76 लाख रू0 का अनुदान वितरित किया गया। इन लाभान्वित परिवारों में से 1453 परिवार अनुसूचित जातियों से सम्बन्धित है। अतःकुल लाभान्वित परिवारों में से 66 प्रतिशत अनुसूचित जातियों से सम्बन्धित थे। इन लाभान्वित परिवारों में 1650 महिलायें थी ।

## 37. भूमि विकास कार्यक्रम

जिला फतेहाबाद में वर्ष 2011–12 के दौरान 200 मि0 टन जिप्सम डालकर 200 एकड़ भूमि का सुधार किया गया । जबकि 85 एकड़ भूमि समतल की गई तथा 1342 एकड़ भूमि में भूमिगत पाइप लाइन वाटर शैड स्कीम के अन्तर्गत आधुनिक जल प्रबन्ध का प्रावधान किया गया ।

# 5–सिंचाई

## 38. सिंचाई के साधन

वर्ष 2010–11 में निवल सिंचित क्षेत्र 223000 है0 था जो कि बोये गये निवल क्षेत्र का 99.60 प्रतिशत था। स्त्रोतानुसार सिंचाई के क्षेत्र में 39.46 प्रतिशत नलकूपों व अन्य साधनों से तथा 60.53 प्रतिशत नहरों का योगदान रहा। नलकूपों द्वारा 88000 है0 तथा नहरों द्वारा 135000 है0 भूमि की सिंचाई की गई ।

39. वर्ष 2010–11 में कुल सिंचित क्षेत्र की कुल काश्त अधीन क्षेत्र से प्रतिशतता 97.9 तथा निवल सिंचित क्षेत्र निवल बोये गये क्षेत्र का 99.60 प्रतिशत रहा।

## 40. फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र

वर्ष 2010–11 में फसल अनुसार कुल बोया गया क्षेत्र 425 हजार है0 था जो शत प्रतिशत सिंचित था। फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र की स्थिति इस प्रकार रही, गेहुं के अधीन 44.00 प्रतिशत, धान के अधीन 26.82 प्रतिशत, दाल के अधीन 0.24 प्रतिशत, कपास के अधीन 19.76 प्रतिशत, तेल बीजों एंव अन्य अखाद्य फसलों(तेल बीजों सहित) के अधीन 10.35 प्रतिशत रहा है।

**तालिका:– जिला फतेहाबाद में सिंचित क्षेत्र की स्थिति (000 है0)**

| फसल | 2002–03 | 2003–04 | 2004–05 | 2005–06 | 2009–10 | 2010–11 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गेंहू | 172 | 172 | 177 | 179 | 186 | 187 |
| धान | 67 | 67 | 66 | 68 | 82 | 88 |
| गन्ना | 4 | 4 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| क्पास | 80 | 80 | 100 | 94 | 86 | 84 |
| तेल बीज आदि | 71 | 71 | 67 | 49 | 41 | 44 |
| **कुल** | **394** | **394** | **411** | **409** | **391** | **425** |

**41. सिंचाई की सघनता**

वर्ष 2010–11 में फतेहाबाद में कुल सिंचित क्षेत्र 425 हजार हैक्टेयर तथा निविल सिंचित क्षेत्र 223 हजार है0 था जिस के अनुसार सिंचाई की सघनता 190.58 प्रतिशत रही।

**42. नलकूप /पम्पिंग सैट**

वर्ष 2011–12 में कुल नलकूपों तथा पम्पिंग सैटों की संख्या 38941 है।

**43. बाढ़**

जिला फतेहाबाद में वर्ष के दौरान घग्गर नदी का अति बहाव हो जाने से बाढ़ से प्रभावित होने की सम्भावना बनी रहती है।

## 6–पशुपालन तथा डेरी

**44.** वर्ष 2007 में जिला फतेहाबाद में पशुधन की संख्या 453564 तथा कुक्कुटादि संख्या 290454 थी। 2007 में कुल पशुधन में से 17.98 प्रतिशत गाय व बैल, 66.22 प्रतिशत भैंसे, 10.64 प्रतिशत भेड़ बकरी, 0.33 प्रतिशत गधे घोड़े, टट्टू व खच्चर तथा 4.83 प्रतिशत ऊंट, सूअर तथा कुत्ते थे।

**45.** जिला फतेहाबाद में 2007 में प्रति हजार मनुष्यों के पीछे पशु संख्या 100, भैंसें 369, घोड़े तथा खच्चर 1, भेड़ें 40, बकरियां 20, ऊंट 4 तथा कुक्कुटादि 360 थी।

**46. पशु चिकित्सा सेवायें**

वर्ष 2011–12 में जिला फतेहाबाद में पशु चिकित्सा सेवायें प्रदान करने के लिये 49 पशु चिकित्सालय तथा 87 पशु चिकित्सा डिस्पैन्सरियां कार्यरत थी ।

**47.** सभी संस्थाओं द्वारा वर्ष 2011–12 में 130000 पशुओं का ईलाज किया गया। इस वर्ष के दौरान 31000 गाय तथा 106000 भैंसों का कृत्रिम गर्भाधान करवाया गया। जिला फतेहाबाद में 2011–12 में 21 विकसित गोशाला थी तथा गोशाला संघ से संबंन्धित गोशालाओं की संख्या 21 थी।

**48. डेरी दुग्ध उत्पादन**

दुग्ध उत्पादन कृषकों के लिये अतिरिक्त आय का एक मुख्य साधन है। वर्ष 2007 में कुल पशुधन अर्थात 453564 में से 112345 दुधारू पशु थे।

**49.** जिला फतेहाबाद में एक दुग्ध संयत्र लगा हुआ है जो कि भूना में स्थित है।

## 7–मछली पालन

**50**. वर्ष 2011–12 में मछली पालन से कुल 377975 हजार रू0 की आय हुई तथा वर्ष के दौरान 130 लाइसैस जारी किये गये।

**51**. वर्ष 2011–12 में मछली पालन के लिये कुल 908.5 है0 भूमि को प्रयोग में लाया गया तथा 6145 टन विभिन्न प्रकार की मछली का विपणन हुआ।

**52.** वर्ष 2010–11 में 1339975 रू0 के मछली के बीज का वितरण किया गया।

## 8–विद्युत

**53. विद्युतिकरण 'शहरी/गांव**

जिला में स्थित सभी शहरों तथा गांवों का विद्युतिकरण हो चुका है।

**54. नलकूप**

वर्ष 2011–12 में फतेहाबाद विद्युत सर्कल में विद्युतिकृत नलकूपों की संख्या 29992 थी जो कि कृषि तथा सिवरेज के लिए उपयोग किये जाते हैं।

**55. विभिन्न परियोजनाओं में विद्युत का उपयोग**

फतेहाबाद सर्कल में वर्ष 2011–12 में 4568 सर्कट कि0मी0 एल0टी0 लाईनें, 6811 सर्कट कि0मी0 11 के0वी0 लाइन्ज तथा 24466 ट्रास्फार्मर थे। इसी प्रकार जिला फतेहाबाद में संयोजनों की संख्या 190622 हो गई है। कुल संयोजनों में 72.99 प्रतिशत घरेलु, 8.79 प्रतिशत वाणिज्यिक, 0.99 प्रतिशत औद्योगिक, 16.90 प्रतिशत कृषि तथा शेष 0.33 प्रतिशत अन्य उपयोगों के लिये थे

**56**. जिला फतेहाबाद में बिजली का उत्पादन नहीं होता। जिला में वर्ष 2011–12 के दौरान 7651.34 लाख कि0 वाट बिजली की खपत हुई जिस में 1100.31 लाख कि0 वाट घरेलू, 363.33 लाख कि0 वाट वाणिज्यिक, 586.89 औद्योगिक, 17.67 सार्वजनिक प्रकाश, 168.02 सार्वजनिक जलापूर्ति, 5401.07 कृषि तथा 14.05 लाख किलोवाट भारी मात्रा में उपयोग करने वाले संयोजनों द्वारा खपत की गई।

## 9–खनिज पदार्थ तथा उद्योग

**57. खनिज उत्पादन**

जिला फतेहाबाद में खनिज पदार्थ अधिक मात्रा में नहीं पाये जाते हैं। साल्ट पिटर इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण खनिज पदार्थ है जो खाद व गन पाउडर बनाने के काम आता है।

**58. लघु उद्योग युनिट**

वर्ष 2011 में जिला फतेहाबाद में कुल 122 रजिस्टर्ड फैक्टरियां कार्यरत रही।

**59.** वर्ष 2011 तक जिले में कुल 122 फैक्टरियॉ रजिस्टर्ड थी। जिसमें 96 फैक्टरियाँ 2एम, (1) 26 फैक्टरियॉ धारा 85 के अधीन रजिस्टर्ड थी। जिनमें अनुमानित 3974 कार्यकर्ता कार्य कर रहे थे।

**60. बड़े तथा मध्यम स्तरीय उद्योग यूनिट**

जिला फतेहाबाद में निम्नलिखित बड़े तथा मध्यम स्तर के उद्योग स्थित हैं

1. शारदा जीनींग प्रेसिगं एंव आयल मिल फतेहाबाद
2. अग्रवाल काटन जीनीगं एंव दाल मिल फतेहाबाद
3. हैफेड राईस मिल टोहाना
4. एस.एस. राईस मिल टोहाना
5. आर. के. इन्डस्ट्रीज भट्टू कंला
6. दी भूना सहकारी शुगर मिल भूना
7. न्यूकैम लिमिटेड, टोहाना ।

## <u>10–सड़क तथा परिवहन</u>

## 61. सड़कों की लम्बाई

लोक निर्माण विभाग 'भवन तथा सड़कें' द्वारा सारा वर्ष सड़को की देखरेख की जाती है। वर्ष 2011–12 में जिला फतेहाबाद में 1504 कि0मी0 पक्की सड़कें थी। लगभग जिला के सभी गांव सड़कों से जुड़ें हुऐ हैं।

**62. रेलवे स्टेशन एंव हरियाणा परिवहन बस स्टैण्डों की संख्या**

प्रायः जिले के सभी गांव पक्की सड़कों से जुड़े हुऐ हैं। वर्ष 2011–12 में जिला फतेहाबाद में हरियाणा राज्य परिवहन, फतेहाबाद द्वारा निर्मित 5 बस स्टैण्ड सेवायें प्रदान कर रहे थे। जिला फतेहाबाद में 3 रेलवे स्टेशन हैं।

**63. राज्य परिवहन**

जिला फतेहाबाद में हरियाणा राज्य परिवहन का एक डिपो तथा एक सब डिपो है। जिस में 154 बसें जिला के भीतर व राज्य तथा अन्तर्राज्य रूटों पर चलाई जा रही है। इन बसों द्वारा वर्ष 2011–12 में 187.45 लाख कि0मी0 दूरी तय की गई जिस से 3513.57 लाख रू0 की कुल प्राप्तियां हुई। इन बसों में प्रतिदिन औसत 33215 यात्रियों द्वारा यात्रा की गई।

**64. सड़क दुर्घटनायें**

वर्ष 2011 मे 213 दुघर्टनायें घटी जिसमें 340 गाडियां दुर्घटना ग्रस्त हुई। इन दुघटनाओं में 99 व्यक्ति मारे गयें तथा 280 घायल हुए।

## 11–संचार

**65. डाकघर व तारघर**

वर्ष 2011–12 में जिले मे 98 डाकघर , 46 तारघर तथा 42 लैटर बाक्स कार्य कर रहे थे। प्रति लाख व्यक्ति के पीछे 11 डाकघर कार्य कर रहे थे। इसके अतिरिक्त 433 सार्वजनिक टेलीफोन घर सेवायें प्रदान कर रहे हैं।

**66. दूरभाष केन्द्र**

वर्ष 2011–12 के दौरान जिला फतेहाबाद में 24490 दूरभाष कार्य कर रहे थे जो 44 दुरभाष केन्द्रों से जुड़े हुये है।

## 12–श्रम तथा रोजगार

67. **औद्योगिक झगड़े**

वर्ष 2011 के दौरान जिला फतेहाबाद में कोई औद्यौगिक झगड़े रिपोर्ट नही किए गऐ, वर्ष के दौरान औद्यौगिक संगठन में किसी प्रकार की ताला बन्दी व हड़ताल नहीं हुई। जिला में वर्ष 2011 में श्रमिक संघ अधिनियम 1926 के अधीन रजिस्टर्ड संघो की संख्या 7 है । जिसके सदस्यो की संख्या 463 हैं जिन्होने अपनी विवरणियां भेजी है।

**68. रोजगार केन्द्र**

जिला फतेहाबाद में 2011–12 संगठित क्षेत्र में 7694 व्यक्ति रोजगार में थे जिसमे से 5965 व्यक्ति सार्वजनिक क्षेत्र तथा 1729 व्यक्ति निजि क्षेंत्र से सम्बन्धित थे।

**69.** जिला फतेहाबाद में 3 रोजगार कार्यालय एंव एक व्यवसायिक मार्गदर्शन हेतू सूचना केन्द्र है। इन रोजगार कार्यालयों में वर्ष 2011 के दौरान 7185 व्यक्तियों द्वारा रोजगार हेतू पंजीकरण करवाया गया। जिससे कुल पंजीकृत बेरोजगारों व्यक्तियों की संख्या 21408 हो गई है। इन रोजगार केन्द्रों से 12 नियोजकों द्वारा सेवाएं ली गई तथा कुल 56 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया।

70. जिला फतेहाबाद में वर्ष 2011 के दौरान 1860 दुकानों में 810 कर्मचारी, कार्यरत है।

## मजदूरी की औसत दैनिक आय

**71**. मजदूरी की दैनिक आय वर्ष 2012 के दौरान जिला फतेहाबाद में कुशल कार्यकर्ताओं जैसे बढ़ई की दैनिक मजदूरी 450 रू0 और लौहार की दैनिक मजदूरी 400 रू0 थी। हल चलाने वाले कृषि श्रमिक की दैनिक मजदूरी 300 रू0, बिजाई के लिए 300 रू0, गोड़ाई 300 रू0, कटाई 310 रू0 तथा अन्य कृषि सम्बन्धी मजदूरी की दर 300 रू0 प्रति दिन रही।

## 13—सहकारिता

**72**. सहकारिता वर्ष 2011—12 में जिला फतेहाबाद में 934 सहकारी समितियां थी जिनके सदस्यों की संख्या 228912 थी।

**73**. वर्ष के दौरान इन सहकारी समितियों में 54.57 करोड. रू0 हिस्सा पूंजी, 152.60 करोड. रू0 अन्य निजि पूंजी थी जबकि कार्यपूंजी 1122.10 करोड. रु0 रही। इस प्रकार वर्तमान सीमा अनुसार अनुमानित जनसंख्या के आधार पर प्रति व्यक्ति औसत कार्यपूंजी 11917 रू0 थी।

**74.** प्रति लाख व्यक्तियों पर समितियों की संख्या 99 थी जबकि प्रति हजार जनसंख्या पर सब प्रकार की समितियों के सदस्यों की संख्या 243 थी।

**75**. वर्ष 2011—12 में सभी 934 सहकारी समितियों एवं बैकों में से एक केन्द्रीय सहकारी बैंक, 1 प्राथमिक भूमि विकास बैंक, 30 कृषि ऋण, 21 गैर कृषि ऋण, 4 विपणन, 1 उपभोक्ता समिति/कन्जयूमर स्टोर, 28 आवास समितियां, 1 खेती समिति, 210 दुग्ध आपूर्ति तथा शेष 637 अन्य प्रकार की समितियां थी।

**76.** वर्ष 2011—12 में जिला फतेहाबाद में एक ही केन्द्रीय सहकारी बैंक था। इनमें हिस्सा पूंजी 1318 लाख रू0, निजी पूंजी 1528 लाख रू0 जबकि कार्य पूंजी 46442 लाख रू0 रही।

**77**. वर्ष 2011—12 में जिला में एक प्राथमिक भूमि विकास बैंक था जिसमें हिस्सा पूंजी 879.14 लाख रू0, निजि पूंजी 894.48 लाख रू0, जबकि कार्य पूंजी 17254.27 लाख रू0 थी। वर्ष के दौरान इन बैंको द्वारा 2777.55 लाख रू0 का कर्जा दिया गया । जिसमें 12.00 लाख रू0 का कर्जा भूमि खरीदने हेतू दिया गया।

## तालिका :– जिला फतेहाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक

| | 2004–05 | 2007–08 | 2008–09 | 2010–11 | 2011–12 |
|---|---|---|---|---|---|
| शाखाओं कि संख्या | 16 | 15 | 29 | 29 | 29 |
| हिस्सा पूंजी लाखों में | 902.00 | 274.92 | 1055 | 1149 | 1318 |
| निजी पूंजी लाखों में | 2634.00 | 362.68 | 2000 | 3020 | 1528 |
| कार्य पूंजी लाखों में | 23260.00 | 10838.17 | 37514 | 40976 | 46442 |
| जमा राशि लाखों में | 6233.00 | 3540.00 | 9782 | 11063.00 | 11830 |
| वर्ष के दौरान दिया गया कर्जा | 23198.00 | 2016.44 | 21095 | 36560 | 45919 |
| लाभ ,, | 134.00 | 275.00 | 64 | 6.00 | –961 |

**78**. जिला फतेहाबाद में वर्ष 2011 में 85 अनुसूचित वाणिज्य बैंक के कार्यालय थे। 9700 व्यक्तियों के पिछे एक बैंक कार्यरत था।

**79.** प्रति व्यक्ति जमा धन राशी 16452 रू0 थी।

**80**. मार्च 2012 तक 1549 करोड़ रू जिला फतेहाबाद में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों में जमा थे तथा 1840 करोड़ रू ऋण के रूप में दिये गये। इस प्रकार ऋण व जमा में अनुपात 119.42 प्रतिशत था ।

**81**. सबसे अधिक ऋण कृषि एंव उससे सम्बन्धित कार्यों के लिए प्रदान किये गये।

## <u>15–शिक्षा</u>

**82. विद्यालय तथा महाविद्यालय**

जिला फतेहाबाद में वर्ष 2010–11 के दौरान 480 प्राथमिक 110 माध्यमिक तथा 217 उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक मान्यता प्राप्त विद्यालय ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान कर रहे थे। इन प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च एंव वरिष्ठ माध्यमिक मान्यता प्राप्त विद्यालयों में क्रमशः 908, 636, 3177 अध्यापक कार्यरत थे। इस प्रकार जिला में इन विद्यालयों में कुल 4721 अध्यापक कार्यरत थे।

**83**. वर्ष 2010–11 के दौरान 193443 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे थे जिनमें से 73068 (37.77 प्रतिशत) विद्यार्थी प्राथमिक/पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में, 20961 (10.83 प्रतिशत) माध्यमिक विद्यालयों में तथा शेष 99414 (51.39 प्रतिशत) विद्यार्थी उच्च एंव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे।

**84.** वर्ष 2010–11 में जिला फतेहाबाद में अनुसूचित जाति के कुल 68689 विद्यार्थियों ने मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की जो कुल विद्यार्थियों का 35.50 प्रतिशत है। इन में 31572 (45.96 प्रतिशत) विद्यार्थी प्राथमिक/पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में, 11242 (16.37 प्रतिशत) माध्यमिक विद्यालयों में तथा शेष 25875 (37.67 प्रतिशत) विद्यार्थी उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे।

**तालिका :– मान्यता प्राप्त विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या**

| | कुल विद्यार्थी | | | अनुसूचित जाति के विद्यार्थी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **कुल** | **छात्र** | **छात्राऐं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्रायें** |
| **प्राथमिक** | 73068 | 37796 | 35272 | 31572 | 16109 | 15463 |
| **मध्यमिक** | 20961 | 10627 | 10334 | 11242 | 5632 | 5610 |
| **उच्च/वरिष्ठ** | 99914 | 57082 | 42332 | 25875 | 14802 | 11073 |
| **जोड़** | 193443 | 105505 | 87938 | 68689 | 36543 | 32146 |

85. वर्ष 2010–11 जिला फतेहाबाद में प्रति अध्यापक विद्यार्थियों का अनुपात लगभग 33 प्राथमिक, 80 माध्यमिक तथा 26 उच्च तथा 35 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का था।

**86.** इसके अतिरिक्त प्राईमरी शिक्षा के लिए समेकित बाल विकास परियोजना के अर्न्तगत वर्ष 2011–12 में फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, जाखल, भुना तथा भट्टू कंला में 1040 आंगनबाडी केन्द्र कार्यरत थे।

87. जिला फतेहाबाद में वर्ष 2011–12 में 8 कला एंव विज्ञान महाविद्यालयों में 7678 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे जिसमें 892 विद्यार्थी अनुसूचित जाति से सम्बन्धित थे।

**88. <u>अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>**

जिला फतेहाबाद में कोई प्रशिक्षण महाविद्यालय नहीं है।

**89.** उपरोक्त के अतिरिक्त जिला फतेहाबाद में 2 राजकीय प्रशिक्षण संस्थान भी कार्य कर रहे हैं। जिनमें वर्ष 2011–12 में 1006 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। इनमें 194 विद्यार्थी अनुसूचित जाति से सम्बन्धित थे।

**90. इन्जिनियरिंग कालेज**

जिला फतेहाबाद में इन्जिनियरिंग कालेज न होने पर विद्यार्थी साथ लगते जिला सिरसा में शिक्षा प्राप्त करते है।

**91. विश्वविद्यालय**

जिला फतेहाबाद कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आता है।

## 16–चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य

**92. स्वास्थ्य सेवाऐं**

जिला फतेहाबाद में वर्ष 2011–12 में राज्य सरकार तथा प्राइवेट संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न प्रकार की ऐलोपैथी संस्थाओं जिसमें 130 राज्य सरकार द्वारा तथा 2 विशेष अस्पतालो द्वारा चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई । इन संस्थाओं में दो अस्पताल, 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिनमें 14 ग्रामीण क्षेत्र तथा 2 शहरी क्षेत्र में, 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 5 डिस्पैंसरी तथा 106 उप केन्द्र कार्यरत थे। इसके अतिरिक्त जिला में 20 आयुर्वैदिक संस्था भी चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रही है। जिला मे स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा अन्तरंग तथा बाह्य रोगियों को भी चिकित्सा सुविधायें प्रदान की जाती है।

**93.** वर्ष 2011–12 में सरकारी संस्थाओं द्वारा 483225 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई । वर्ष 2011–12 में सरकारी संस्था में 266 बिस्तर उपलब्ध थे। प्रत्येक एक लाख आबादी के लिए 28 रोगी बिस्तर उपलब्ध थे।

**94**. वर्ष 2011 में जिले में कुल जन्मों की संख्या 22922 थी जिनमें 11260 ग्रामीण तथा 11662 शहरी क्षेत्र में जन्म हुए। वर्ष 2011 में मौतों की संख्या 5242 रही जिसकी संख्या ग्रामीण क्षेत्र में 4368 तथा शहरी में 1174 थी।

**95. परिवार कल्याण प्रोग्राम**

वर्ष 2011–12 में जिला फतेहाबाद में 5 परिवार कल्याण केन्द्र कार्यरत थे। वर्ष 2011–12 में नसबन्दी के कुल 4363 केसिज किये गये जिसमें से पुरूषों के 60 तथा महिलाओं के 4303 केस थे। वर्ष के दौरान आई0 यु0 डी0 प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की संख्या 6700 थी ।

**96. सुरक्षित पेयजल**

जिला फतेहाबाद में पेयजल परियोजना के अधीन जिले के सभी गांवो को पेयजल सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

## <u>17–कल्याण विभाग 'अनुसूचित जातियां व पिछड़े वर्ग</u>

**97**. कमजोर वर्ग के कल्याण के लिये विशेष कार्यक्रम जैसे मकान बनाने के लिए ऋण, मैट्रिक के उपर के विद्यार्थीयों को छात्रवृति पुस्तकें एंव लेखन सामग्री खरीदने हेतू बिना ब्याज के ऋण तथा मुफ्त वर्दियों का बांटना सारा वर्ष प्रगति पर रहा।

**98**. वर्ष 2010–11 में मकान में अनुदान योजना अनुसूचित/विमुक्त जाति के अर्न्तगत 210 परिवारों को 10500000 रू0 की राशि का अनुदान दिया गया है जबकि वर्ष 2011–12 में इस स्कीम के अन्तर्गत किसी को अनुदान नही दिया गया । इस स्कीम में उन व्यक्तियों को जिनके पास कच्चा मकान हो, 50 वर्ग का प्लाट हो उन्हें अनुदान दिया जाता है।

**99.** कानूनी सहायता के अन्तर्गत वर्ष 2011–12 के दौरान अनुसूचित जाति के तीन परिवारों को 156250 रूपये की सहायता दी गई । इस स्कीम में किसी भी अनुसूचित जाति के व्यक्ति का जिसका स्वर्ण जाति के परिवार के साथ न्यायालय में मुक्कदमा चल रहा हो, उसकी पैरवी हेतू बतौर वकील की फीस अनुदान दी जाती है। इस स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के एक परिवार को 50000 रूपये की सहायता प्रदान की गई ।

**100**. हरिजन बस्ती स्कीम के अर्न्तगत वर्ष 2009–10 मे 11 गांव में 540000 रू0 की राशि वितरित की गई। इस स्कीम में किसी भी गांव में अनुसूचित जाति बस्तियों की नालियां/गलियां पक्की करवाने हेतू अधिकतम 1.00 लाख रू0 तक दिए जाने का प्रावधान है। वर्ष2010–11 से यह स्कीम बन्द हो चुकी हैं।

101. वर्ष 2011–12 में अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति तथा टपरीवास जाति की विधवाओं की 1077 लड़कियों की शादी के लिए स्कीम के अन्तर्गत 30241100 रू0 के अनुदान की सहायता दी गई। वर्ष 2009–10 में विद्यार्थी कर्जा योजना के अर्न्तगत अनूसुचित जाति के मैट्रिकस्तर के 212 विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें तथा लेखन सामग्री खरीदने के लिऐ 169600 रू0 प्रति वर्ष ब्याज रहित ऋण दिया गया जबकि वर्ष 2011–12 में कोई ऋण नही दिया गया।

102. पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अर्न्तगत वर्ष 2011–12 मे अनुसूचित/विमुक्त जाति के 1577 छात्रों को 27855462 रू0 की राशि वितरित की गई।

103. **<u>वृद्धावस्था एंव अन्य पैंशन</u>**

वर्ष 2011–12 में जिला फतेहाबाद में वृद्धावस्था पैंशन योजना के अन्तर्गत 66927 वृद्धों को कुल 3411.94 लाख रू0, विद्यवा पैंशन योजना के अन्तर्गत 31155 लाभ पात्रों को 1614.10 लाख़ रू0 तथा 8761 विकलांग व्यक्तियों को 351.80 करोड़ रू0 तथा लाडली पैंशन योजना के अन्तर्गत 1242 लाभार्थियों को 42.93 लाख रूपये की राशी पैंशन के रूप मे वितरित की गई है।

## <u>18–विविध</u>

104. **नगरपालिकाएं**

वर्ष 2011–12 के दौरान जिले में स्थित 3 नगरपालिकाओं की आय 4039.87 लाख रू0 तथा वर्ष 2011–12 में 2567.12 लाख रू0 व्यय किए गए।

105 **जिला राजस्व**

जिला राजस्व में वर्ष 2011–12 में निम्नलिखित साधनों में राजस्व की प्राप्ति हुई। हरियाणा मूल्यवर्धित कर से 10712.97 लाख रू0, केन्द्रीय बिक्री कर से 52.66 लाख रू0, मनोरंजन कर से 24 हजार रू0 आय हुई, जबकि वर्ष 2010–11 में हरियाणा मूल्यवर्धित कर से 8234.37 लाख रू0, केन्द्रीय बिक्री कर से 80.67 लाख रू0 तथा मनोरंजन कर से 72 हजार रू0 की आय हुई थी।

106. **रजिस्ट्रीकरण**

वर्ष 2009–10 में जिला फतेहाबाद में रजिस्ट्री कार्यालयों की संख्या 6 थी जिनमें 19546 अनिवार्य व 21 ऐच्छिक अचल सम्पतियों की रजिस्ट्री हुई तथा 2212 चल सम्पतियों की रजिस्ट्री हुई। इन अन्तरित सम्पतियों का मूल्य 66307.41 लाख रू0 था । इस से सरकार को 285.21 लाख रू0 की कुल प्राप्तियां हुई।

**107. पुलिस तथा अपराध**

जिला फतेहाबाद में वर्ष 2012 में 9 पुलिस स्टेशन तथा 12 पुलिस चौकियां कार्यरत थी। जिले में इस वर्ष के दौरान 1334 अपराध हुऐ जिनमें से 25 हत्या के, 5 केस लुट के, 125 केस सेंध चोरी व 266 केस साधारण चोरी तथा 913 केस विविध अपराधों से सम्बन्धित थे।

**108. हरियाणा सरकार के कर्मचारी**

जिला फतेहाबाद में 31 मार्च 2011 को हरियाणा सरकार के अधीन कार्यालयों में 11962 कर्मचारी कार्यरत थे जिनमें 8106 पुरूष तथा 3856 महिलायें थी। जिला में 3052 अनुसूचित जाति के तथा 1789 पिछड़े वर्ग के कर्मचारी थे।

**तालिका :– जिला फतेहाबाद में हरियाणा सरकार के कर्मचारी (31.3.2011)**

| श्रेणी | कुल | | अनुसूचित जाति | | पिछड़ा वर्ग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | स्त्रियां | पुरूष | स्त्रियां | पुरूष | स्त्रियां |
| वर्ग–1 | 104 | 9 | 15 | 2 | 10 | 0 |
| वर्ग–2 | 430 | 133 | 63 | 10 | 64 | 16 |
| वर्ग–3 | 4623 | 1207 | 1007 | 129 | 848 | 112 |
| वर्ग–4 | 1705 | 250 | 721 | 107 | 315 | 29 |
| फुटकर | 1244 | 2257 | 332 | 666 | 78 | 317 |
| **कुल** | **8106** | **3856** | **2138** | **914** | **1315** | **474** |

**109. मनोरंजन व धार्मिक स्थल**

जिला फतेहाबाद में एक ऐतिहासिक शाहमीर की लाट, दूर्गा मन्दिर रघूनाथ मन्दिर, बाल्मीकि आश्रम व बाबा मनसागर धाम आदि धार्मिक स्थल है। जिला में वर्ष 2010–11 में मनोरंजन स्थानो की सख्या 1 है ।

**110. बचत**

वर्ष 2011–12 मे जिला फतेहाबाद में 44 लाख रू0 डाकघर आवर्ती जमा योजना मे, 225 लाख रू0 लोक भविष्य निधि योजना तथा 106 लाख रू0 वरिष्ठ नागरिक जमा योजना में जमा किए गए। इस प्रकार जिला फतेहाबाद में वर्ष 2011–12 के दौरान विभिन्न बचत खातों से –2000 लाख रू0 की निबल प्राप्तियां हुई।

**111. जिला योजना**

जिला योजना के अर्न्तगत वर्ष 2011–12 के दौरान 692.41 लाख रू की राशि जिला के विभिन्न विकास कार्यों के लिए जारी की गई।

**112. खेलकूद**

खेल विभाग फतेहाबाद द्वारा समय समय पर फूटबाल, वालीवाल, कबड्डी तथा खो खों आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूलों में किया जाता है ।

**113.** जिला फतेहाबाद में एक योगा भवन है जिसमें योग द्वारा विभिन्न प्रकार की बिमारियों का इलाज किया जाता है।

**114. राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र**

भारत सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य में एक खेल प्रशिक्षण केन्द्र चलाया जा रहा है। इस स्कीम के अर्न्तगत एक प्रशिक्षण केन्द्र जिला कुरूक्षेत्र में आरम्भ किया गया था। जो वर्ष 1996–1997 के दौरान नए भवन में स्थानान्तरित किया गया है। इस स्कीम के अर्न्तगत 80 प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उनके ठहरने, खने पीने, खेल किट तथा स्वास्थ्य देखभाल का पूरा प्रावधान है। इन प्रशिक्षार्थीयों की शिक्षा हेतू विभिन्न शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश भी दिलाया जाता है।

**115. चुनाव एंव मतदाता**

वर्ष 2011 में फतेहाबाद में मतदाताओं की कुल संख्या 561190 है जो तीन विधानसभा क्षेत्र क्रमशः फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में विभाजित है। जिला फतेहाबाद लोक सभा हल्का सिरसा के अर्न्तगत आता है।

## परिशिष्ठ–3 ( जिला एक दृष्टि में )

### चुने हुए सूचकांक

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जनसंख्या का घनत्व प्रति वर्ग कि0मी0 2011 | 371 |
| 2. | कुल जनसंख्या पर ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता 2011 | 80.95 |
| 3. | कुल जनसंख्या पर शहरी जनसंख्या की प्रतिशतता 2011 | 19.04 |
| 4. | कुल जनसंख्या पर 0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या की प्रतिशतता 2011 | 12.58 |
| 5. | कुल जनसंख्या में लिंगानुपात 2011 | 902 |
| 6. | ग्रामीण जनसंख्या में लिंगानुपात 2011 | 902 |
| 7. | शहरी जनसंख्या में लिंगानुपात 2011 | 902 |
| | 0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या में लिंगानुपात 2011 | 845 |
| 8. | साक्षरता 2011 | |
| | पुरूष | 76.14 |
| | स्त्रियां | 58.87 |
| | कुल | 67.91 |
| 10. | कुल बोये गये क्षेत्र की कुल क्षेत्र से प्रतिशतता 2010–11 | 189.73 |
| 11. | एक बार से अधिक बोये गये क्षेत्र की कुल बोये गये क्षेत्र से प्रतिशतता 2010–11 | 47.29 |
| 12. | कुल बोये गये क्षेत्र की कुल निवल बोये गये क्षेत्र से प्रतिशतता 2010–11 | 189.73 |
| 13. | गांव के विद्युतिकरण की प्रतिशतता | 100% |
| 14. | स्कूल जाने वाले प्रति 1000 बच्चों पर स्कूलों की संख्या 2010–11 | |
| | प्राथमिक | 15 |
| | माध्यमिक | 5 |
| | उच्चतर | 2 |
| 15. | प्रति लाख जनसंख्या के पीछे बिस्तरों की संख्या 2011–12 | 28 |
| 16 | प्रति पॉच लाख जनसंख्या के पीछे अस्पतालों की संख्या 2010–11 | 2 |
| 17. | प्रति बैंक के पीछे व्यक्तियों की संख्या 2011–12 | 9700 |
| 18. | प्रति 100 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र पर पक्की सतही सड़कों की लम्बाई कि0मी0 2011–12 | 60.72 |
| 19. | प्रति लाख जनसंख्या के पीछे डाकघरों की संख्या | 10 |
| 20. | प्रति लाख जनसंख्या पर परिवार कल्याण केन्द्रों की संख्या | 1 |
| 21. | वर्तमान सीमा अनुसार 2011 की जनगणना के आधार पर जनसंख्याः– | |
| | ग्रामीण जनसंख्या | 762423 |
| | शहरी जनसंख्या | 179588 |
| | कुल जनसंख्या | 942011 |